गुजरात की ग्राम पंचायतों में टेलीफोन और डाकघरों की सुविधायें

853. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में ऐसी ग्राम पंचायतों की जिलावार संख्या कितनी है, जिनमें टेलीफोन और डाकघर की सुविधायें उपलब्ध हैं;

(ख) इस राज्य में प्रत्येक ग्राम पंचायत में डाकघर और टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए क्या समय सीमा निर्धारित की गई है ;

(ग) इनमें से कितनी ग्राम पंचायतों में तार भेजने की सुविधा उपलब्ध है और इस सुविधा के विस्तार के संबंध में क्या योजना है; और

(घ) इस राज्य के जिला मुख्यालयों में तीव्र डाक सेवा उपलब्ध कराने संबंधी जिलावार ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) (i) 31-3-93 की स्थिति के अनुसार गुजरात में ग्राम-पंचायतों की संख्या 4824 है। जिलेवार ब्यौरे विवरण-एक में दिए गए हैं।

(ii) 31-3-1993 की स्थिति के अनुसार गुजरात में डाकघर वाले ग्राम पंचायतों की संख्या 7854 है। जिलेवार ब्यौरे विवरण-दो में दिए गए हैं।

(ख) (i) सभी ग्राम पंचायतों को 31 मार्च, 1993 तक उत्तरोत्तर रूप से टेलीफोन सुविधा के साथ जोड़े जाने की योजना है, बशर्ते कि संसाधन उपलब्ध हों।

(ii) डाकघर संसाधन उपलब्ध होने तथा मानदंड पूरा होने पर खोल दिए जाते हैं।

(ग) 31-3-1993 की स्थिति के अनुसार टेलीफोन सुविधा वाले ग्राम पंचायतों की संख्या 1770 है। जिलेवार ब्यौरे विवरण-iii में दिए गए हैं। मांग होने पर यह सुविधा प्रदान कर दिए जाने का निर्णय लिया गया है, बशर्ते कि ऐसा करना व्यवहार्य हो।

(घ) ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं है।

विवरण-I

गुजरात में टेलीफोन सुविधा सहित जिलेवार ग्राम पंचायतों के ब्यौरे:-

क्र. सं.	जिला	जिन ग्राम पंचायतों में टेलीफोन सुविधा प्रदान की जा चुकी है, उनकी संख्या
1.	अहमदाबाद (गांधीनगर सहित)	215
2.	अमरेली	269
3.	बनासकांठा (पालनपुर)	325
4.	भावनगर	213
5.	भड़ौंच	203
6.	जामनगर	232
7.	जूनागढ़	308
8.	खेडा (नडियाड)	488
9.	भुज (कच्छ)	214
10.	महेसाणा	514
11.	पंचमहल (गोधरा)	221
12.	राजकोट	274
13.	सदरकांठा (हिम्मतनगर)	362
14.	सुरेन्द्र नगर	196
15.	सूरत	299
16.	बड़ोदरा	180
17.	बलसाड (दनोस सहित)	288
18.	संघ शासित क्षेत्र (दादर, नागर हवेली, दमन, और दिव)	23
	योग :	4824

विवरण–II

गुजरात में डाकघर वाले ग्राम पंचायतों की जिलावार संख्या

जिला	ग्राम पंचायतों की संख्या
1. अहमदाबाद	416
2. मेहसाना	538
3. गांधीनगर	52
4. साबर कांठा	553
5. बनासकांठा	430
6. अमरेली	280
7. जूनागढ़	473
8. कच्छ	438
9. राजकोट	426
10. पंचमहल	492
11. खैडा	550
12. बड़ोदरा	513
13. भड़ौंच	448
14. सूरत	533
15. वलसाद	469
16. भावनगर	411
17. जामनगर	473
18. डांग	54
19. सुरेन्द्र नगर	305
योग :	7854

विवरण–III

गुजरात में तार सुविधा सहित ग्राम पंचायतों का जिलेवार ब्यौरा।

क्रम सं०.	जिला	तार संयुक्त डाक तार घर वाली ग्राम पंचायतों की संख्या
1	2	3
1.	अहमदाबाद (गांधी नगर सहित)	107
2.	अमरेली	103
3.	बनासकांठा (पालनपुर)	35
4.	भावनगर	70
5.	भड़ौंच	90
6.	जामनगर	84
7.	जूनागढ़	178
8.	खेड़ा (नादियाद)	169
9.	भुज (कच्छ)	75
10.	महेसाना	144
11.	पंचमहल (गोदडा)	120
12.	राजकोट	109
13.	सादरकांठा (हिम्मतनगर)	91
14.	सुरेन्द्रनगर	86
15.	सूरत	109
16.	बड़ोदरा	80
17.	वालसाद (डनोस सहित)	111
18.	संघ शासित राज्य (दादर, नागर हवेली, दमन और दीव)	9
	योग :	1770

मुम्बई महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड के कार्यक्षेत्र में कल्याण और डोंबिवली शहरों को शामिल करना

854. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिंदे** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कल्याण और डोंबिवली शहरों को मुम्बई महानगर टेलीफोन निगम के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत लाने की मांग की जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार ने क्या निर्णय लिया है ?